Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct road from Chhotapur to Chardhala, a part of NH-531 in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के मुद्दे को उठाने के लिए मौका दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करती हूं ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान शहर में जाने वाली मुख्य सड़क – एनएच-531, जो छोटपुर से चारढाला तक जाती है, की लम्बाई लगभग साढ़े आठ किलोमीटर है । इस सड़क की हालत अत्यंत ही जर्जर है । पथ में जगह-जगह पर गड्ढे हो गए हैं, वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण हमेशा यातायात में जाम की स्थिति बनी रहती है । वहीं से दूसरी सड़क बबुनिया मोड़ से स्टेशन रोड तक जाती है । मैं आपसे आग्रह करना चाहती हूं कि बरसात के मौसम में पथ की स्थिति काफी खराब हो जाती है और वहां के लोगों को आने-जाने में बहुत-सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और बहुत-सी दुर्घटनाएं होती हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि छोटपुर से चारढाला तक जाने वाली सड़क और बबुनिया मोड़ से स्टेशन रोड तक जाने वाली सड़क को बनवाने की कृपा करें ।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं ।